तेरा नाम | By Juli Singh

तुझसे ही तो आस लगाएं मेरे श्याम
मुख से निकले मेरे बाबा तेरा नाम

जबसे आयी शरण में तेरी मेरे खाटूवाले
श्याम दीवानी कहते मुझको सारे दुनिया वाले
अब रहना है शरण में तेरी मेरे श्याम
मुख से निकले मेरे बाबा तेरा नाम

कोई कहे तुझे कृष्ण कन्हैया कोई लखदातारी
आये तेरे द्वार पे बाबा देखो दुनिया सारी
श्याम श्याम नित मैं रटूं नित आठों याम
मुख से निकले मेरे बाबा तेरा नाम

डूबी जब भी किसी की नैया तू ही बना खिवैया
पार करो मुझको भी भव से मेरे कृष्ण कन्हैया
अविनाश भी जपता मुख से तेरा नाम
मुख से निकले मेरे बाबा तेरा नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-juli-singh/